रिश्तों को नया आयाम...भारत में पांच लाख करोड़ का निवेश करेंगी सिंगापुर की कंपनियां

प्रधानमंत्री मोदी ने की पीएम वोंग और कारोबारियों से मुलाकात, कहा-भारत में बनाना चाहते हैं कई सिंगापुर

सिंगापुर। भारत-सिंगापुर ने अपने रिश्तों को नया आयाम देते हुए इन्हें व्यापक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बृहस्पतिवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग के साथ मुलाकात के दौरान सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने समेत 4 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

पीएम मोदी सिंगापुर के शीर्ष कारोबारियों से भी मिले। उन्होंने भारत में बढ़ते अवसरों का हवाला देते हुए तीन साल में निवेश दोगुना करने का आग्रह किया। इसके बाद सिंगापुर की कंपनियों ने अगले कुछ वर्षों में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

पीएम मोदी ने वोंग से मुलाकात के दौरान कहा कि सिंगापुर केवल साझेदार देश नहीं, बल्कि प्रत्येक विकासशील देश के लिए प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। इस मौके पर दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों का दायरा व्यापक रणनीतिक साझेदारी स्तर पर पहुंचाने, कारोबार और निवेश बढ़ाने के उपाय तेज करने पर सहमति जताई। एजेंसी >> चीन को कड़ा संदेश : पेज 14

सिंगापुर में बृहस्पतिवार को वहां के शीर्ष कारोबारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

सेमीकंडक्टर और स्वास्थ्य समेत चार समझौते

दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर साझेदारी के अलावा डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में भी समझौते किए गए। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हुए करार को बेहद अहम माना जा रहा है, जिसके तहत दोनों देश सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग और विनिर्माण पर फोकस करेंगे। सिंगापुर भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर उद्योग का सहयोग करेगा। वहीं, सिंगापुरी कंपनियों को बढ़ते भारतीय बाजार में हिस्सेदारी की सुविधा मिलेगी।

- दोनों देश निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एंटरप्राइज सिंगापुर व इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) की तरफ से बिजनेस-टू-बिजनेस मंच स्थापित किया जाएगा।

सेमीकंडक्टर कंपनियों को सेमीकॉन इंडिया का न्योता

पीएम मोदी ने वोंग के साथ सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में सिंगापुर की अग्रणी कंपनी एईएम का दौरा किया। इस मौके पर इस क्षेत्र की कई अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्हें मोदी ने 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होने वाली सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

भारतीय प्रतिभा का मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने सिंगापुर के कारोबारी नेताओं के साथ राउंडटेबल बैठक में उन्हें विमानन, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर गौर करने को कहा। उन्होंने कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। भारत के पास प्रतिभा है और उसका लाभ दुनिया को मिलेगा।

पान का मजा लेना है तो काशी में निवेश करें

पीएम मोदी ने कहा, पान की बात बनारस के बिना अधूरी रहती है। मैं बनारस का सांसद हूं, अगर आप पान खाने का सचमुच मजा लेना चाहते हैं, तो आपको काशी में निवेश करना चाहिए।